दिन– मंगलवार दिनांक– 29/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में युग्म नवाचार सम्मेलन में भाग लेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ का विस्तार बक्सर तक करने के निर्देश दिये हैं।

03. समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, शिवहर, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, भागलपुर, जमुई और खगड़िया समेत पन्द्रह जिलों में आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में युग्म नवाचार सम्मेलन में भाग लेंगे। युग्म जिसका संस्कृत में अर्थ संगम है। यह अपनी तरह का पहला महत्वपूर्ण नीतिगत सम्मेलन है जिसमें सरकार, शैक्षणिक क्षेत्र और उद्योग जगत के लोग शामिल होंगे। वाधवानी फाउंडेशन और सरकार के प्रतिष्ठानों के संयुक्त निवेश से लगभग एक हजार चार सौ करोड़ रुपये की सहयोगी परियोजना द्वारा संचालित यह आयोजन भारत की नवाचार यात्रा में योगदान देगा। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

————————————————————

जे.पी. गंगा पथ का विस्तार दीघा से कोइलवर होते हुये बक्सर तक किया जायेगा। वहीं, पूर्व में दीदारगंज से मोकामा तक इस पथ का विस्तार किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से इस पथ का विस्तार करेगी। श्री कुमार ने कहा कि जेपी गंगा पथ से गंगा नदी पर बन रहे विभिन्न पुलों को सम्पर्कता मिलेगी। साथ ही इससे उत्तर और दक्षिण बिहार की दूरी कम हो जायेगी। गौरतलब है कि जेपी गंगा पथ पर दीघा से दीदारगंज परियोजना का बीस किलोमीटर का काम पूरा हो चुका है। पहले चरण में दीघा से कोईलवर पुल तक पैंतीस किलोमीटर की परियोजना पर कार्य किया जायेगा। वहीं, कोईलवर से बक्सर तक इस परियोजना की लम्बाई नब्बे किलोमीटर होगी।

————————————————————

आइपीएल क्रिकेट में कल समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी ने जयपुर में मात्र पैंतीस गेंद में शानदार शतक बनाया। गुजरात टाईटंस के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुये वैभव ने आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। वैभव ने अर्द्ध शतक और शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी होने का भी कीर्तिमान अपने नाम किया। चौदह वर्षीय वैभव ने अपनी पारी में ग्यारह छक्के लगाये। सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने मात्र तीस गेंद में शतक बनाया था। राजस्थान रॉयल्स के चेयरमैन रंजीत बोड़ ठाकुर ने वैभव के इस शतक को अद्‌भुत बताया है।

———बाईट———

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने वैभव को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी है।

———बाईट———

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव तथा खेल जगत से भी कई गणमान्य लोगों ने वैभव को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी है।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग, बीपीएससी ने विभिन्न विभागों में सहायक अभियंता के एक हजार चौबीस पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें सहायक अभियंता सिविल के नौ सौ चौरासी, यांत्रिक के छत्तीस और विद्युत के चार पदों पर नियुक्ति होगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए तीन सौ से अधिक पद चिन्हित किये गये हैं। ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू हो रही है। इच्छुक अभ्यर्थी अट्‌ठाईस मई तक आयोग की वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

————————————————————————————

प्रदेश में जन वितरण प्रणाली–पीडीएस की दुकानों के साथ ही अब अनाज गोदामों का भी निरीक्षण ऑनलाईन किया जायेगा। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव डॉक्टर एन. सरवन कुमार ने पीडीएस परख मोबाईल ऐप्लिकेशन का शुभारंभ करते हुये ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी गोदामों में वास्तविक समय में निरीक्षण को पारदर्शी बनाने के लिए इस एप की शुरूआत की गयी है। एक मई से गोदाम निरीक्षण के लिए ऑनलाईन व्यवस्था शुरू हो जायेगी। राज्य में राशन की दुकानों का ऑनलाईन निरीक्षण पिछले एक जनवरी से ही किया जा रहा है।

————————————————————————————

भारतीय हज समिति ने इस वर्ष हज यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं से अल्प संख्यक मंत्रालय के हज सुविधा ऐप टू प्वाइंट ओ के प्रयोग की अपील की है। समिति ने कहा है कि सरकार का हज सुविधा ऐप टू प्वाइंट ओ अत्यंत उपयोगी है। इसके इस्तमाल से हाजियों को पवित्र यात्रा के दौरान जरूरी सूचना प्राप्त करने में काफी सुविधा होगी। समिति ने ऐप डाउनलोड करने और इसका इस्तेमाल सीखने की सलाह दी है। गौरतलब है कि इस वर्ष राज्य से दो हजार तीन सौ तेरासी हज यात्री जायेंगे। हज यात्रा के लिए दो मई को गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पहला जत्था रवाना होगा।

————————————————————

प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज पटना में संविधान बचाओ यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी के मीडिया प्रभारी राजेश राठौर ने बताया कि यह यात्रा पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम से शुरू होते हुये डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के समाधि स्थल बांसघाट पर समाप्त होगी।

————————————————————

पाकिस्तान समर्थक सोशल मीडिया भारतीय सेना की तैयारियों के बारे में फर्जी दस्तावेज प्रसारित कर रहा है। केन्द्र सरकार ने इन दस्तावेजों को फर्जी करार दिया है। पत्र सूचना कार्यालय के अनुसार, इन सोशल मीडिया पर झूठा दावा किया जा रहा है कि भारतीय सेना की तैयारियों से जुड़े गोपनीय दस्तावेज लीक हो गए हैं। सरकार ने लोगों से अपुष्ट जानकारी साझा करने से बचने और सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति बनी हुई है। राजधानी पटना समेत कई जिलों में आज सुबह से ही बादल छाये हुये है। वहीं, कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी के भी समाचार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया समेत पन्द्रह जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना सहित कई जिलों में गरज और तेज हवा के साथ तेज बारिश दर्ज की गई।

इससे अधिकांश स्थानों का अधितम तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

————————————————————————

प्रदेश के अड़सठ हजार से अधिक प्रारंभिक राजकीय विद्यालयों में नामांकित बच्चों को दो मई से नई पाठ्यपुस्तकें मिलेगी। इसके तहत लगभग एक करोड़ बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरित किये जायेंगे। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर इस संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिये हैं। पाठ्यपुस्तक वितरण समारोह में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए विद्यार्थियों के अभिभावकों और जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये हैं।

————————————————————————

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री परीक्षा में नामांकन के लिए अट्ठाईस मई को होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की समय सीमा में विस्तार किया है। अब अभ्यर्थी तीस अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। विलंब शुल्क के साथ पांच मई तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि सत्ताईस अप्रैल तक निर्धारित थी।

————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर विशेष और कम्पार्टमेंटल परीक्षा दो मई से तेरह मई के बीच होगी। वहीं, मैट्रिक की विशेष परीक्षा भी दो से सात मई तक होगी। कोई भी समस्या होने पर हेल्प लाईन नम्बर शून्य छह एक दो– दो दो तीन दो दो दो सात पर सम्पर्क किया जा सकता है।

————————————————————————

दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आज पटना के पुनाईचक पार्क में राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।

————————————————————————

असम के गुवाहाटी में आयोजित सीनियर नेशनल रग्बी पुरूष प्रतियोगिता में बिहार ने कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्वार्टरफाईनल में बिहार ने केरल को हराकर सेमीफाईनल में जगह बनायी थी। सेमीफाईनल मुकाबले में बिहार की टीम हरियाणा से हार गयी। तीसरे स्थान के लिए हुये मुकाबले में बिहार ने राजस्थान को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने गेंदबाजों की खोज के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए नौ से पन्द्रह मई तक पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में चयन

शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में सोलह से पच्चीस आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

————————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने नवादा के सिरदला अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी रवि शंकर शर्मा को बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद कर्मचारी के घर से तीन लाख रूपये बरामद किये गये हैं।

————————————————————————

आरा की एक अदालत ने करोड़ों रूपये के गबन के मामले में पूर्व बैंकर्स संजय कुमार सिन्हा को पन्द्रह साल की सजा और दस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

————————————————————————

मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना पुलिस ने बेलन बाजार स्थित बंगाली गंगा घाट पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल में रिकॉर्ड शतकीय पारी की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– भारतीय क्रिकेट का वैभव। आईपीएल में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के क्रिकेटर बने।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जेपी गंगा पथ के बक्सर तक विस्तार की तैयारी।

दैनिक जागरण लिखता है– पाक के दुष्प्रचार पर शिकंजा, पड़ोसी देश के सोलह यू–ट्यूब चैनल प्रतिबंधित।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– सरकार ने कई अफसरों को इधर से उधर किया। चैतन्य को राजस्व पर्षद अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार दिया गया।

आज अखबार लिखता है– बिहार के सात जिलों में बनेगी पचास बेड के आयुष अस्पताल।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– पचहत्तर प्रतिशत से कम अपार आईडी बनाने वाले प्रधानाध्यापक हटाये जायेंगे।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में युग्म नवाचार सम्मेलन में भाग लेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ का विस्तार बक्सर तक करने के निर्देश दिये हैं।

03. समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी आईपीएल क्रिकेट के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, शिवहर, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, भागलपुर, जमुई और खगड़िया समेत पन्द्रह जिलों में आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।